भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2272

31 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

पुरुलिया के सैनिक स्कूल का उन्नयन

2272. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पुरुलिया सैनिक स्कूल को वर्तमान समय के मानकों के अनुरूप बनने के लिए अपनी शैक्षणिक, छात्रावास, खेल और प्रशिक्षण अवसंरचना के निरंतर उन्नयन की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान, पुरुलिया सैनिक स्कूल में कक्षाओं, छात्रावासों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं और अन्य अवसंरचना के उन्नयन के लिए आवंटित धनराशि और किए गए कार्यों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार पुरुलिया सैनिक स्कूल को आधुनिक खेल अवसंरचना, जिसमें एक सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, एक बहुउद्देशीय इनडोर खेल परिसर, एक स्विमिंग पूल और कैडेटों के लिए उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएं शामिल हैं, के साथ उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पुरुलिया सैनिक स्कूल के आगे विस्तार या आधुनिकीकरण से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही इसमें कितना समय लगने की संभावना है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ङ): सैनिक स्कूल सोसाइटी, जो सैनिक स्कूलों का प्रबंधन करती है, समय-समय पर सैनिक स्कूल, पुरुलिया सहित सैनिक स्कूलों के शैक्षणिक/छात्रावास ब्लॉक, खेल और प्रशिक्षण अवसंरचना/सुविधाओं आदि में अवसंरचनात्मक कमियों का आकलन करती है, ताकि

आवश्यकतानुसार उनका उन्नयन, नवीनीकरण, रखरखाव और संवर्धन सुनिश्चित किया जा सके। प्रायोजक राज्य सरकार और सैनिक स्कूल सोसाइटी के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार, संबंधित राज्य सरकार द्वारा भूमि और भवन, जिसमें इनडोर खेल हॉल, स्विमिंग पूल, सभागार, व्यायामशाला और अन्य खेल सुविधाएं, अवसंरचना के साथ-साथ उपकरणों की प्रारंभिक लागत उपलब्ध कराई जानी अपेक्षित है। सैनिक स्कूल, पुरुलिया में विभिन्न खेल और प्रशिक्षण सुविधाएं हैं, जिनमें स्विमिंग पूल, इनडोर खेल हॉल, फुटबॉल और हॉकी मैदान, स्क्वैश, टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट, फायरिंग रेंज और घुड़सवारी की सुविधाएं शामिल हैं। वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक विगत पांच वर्षों की अवधि के दौरान, सैनिक स्कूल, पुरुलिया में विभिन्न खेल और प्रशिक्षण अवसंरचना सुविधाओं और नवीनीकरण/रखरखाव/संवर्धन/उन्नयन कार्यों के लिए रक्षा मंत्रालय और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा क्रमशः लगभग 8.4 करोड़ रुपये और 9.6 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

****